हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
मेट्रो सिटी
नागपुर, शुक्रवार, 6 दिसंबर 2024

## गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार

**नागपुर।** क्राइम ब्रांच के एनडीपीएस दस्ते ने गोपनीय जानकारी के आधार पर पेट्रोलिंग के दौरान नंदनवन झोपड़पट्टी परिसर में गांजा तस्करी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी मनीष राहुल शिरसाट (19) केडीके कॉलेज के पास नंदनवन निवासी बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक दुपहिया मोपेड गाड़ी पर जाते हुए जाते हुए बुधवार शाम करीब 5:45 के दौरान मनीष नंदनवन झोपड़पट्टी, गली नंबर 3 के पास मिला था। जब उसकी मोपेड गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें 1 किलो 234 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने गाड़ी सहित 74,680 रूपये का माल बरामद किया उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने इस गांजे को नंदनवन झोपड़पट्टी गली नंबर 3 में रहने वाले अपने साथी पियूष शेंडे से लिया है। जिसके बाद पुलिस ने उन दोनों के खिलाफ नंदनवन पुलिस थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

# स्टंटबाजी के चक्कर में गई 2 युवकों की जान

> बाइक से नियंत्रण छूटने के बाद डिवाइडर से टकराए

**नागपुर।**



प्रतापनगर पुलिस थाना अंतर्गत नरेंद्र नगर पुलिया के पास बाइक पर स्टंटबाजी और रैश ड्राइविंग के चलते 2 युवकों की जान चली गई। गाड़ी स्पीड में होने के कारण नियंत्रण छूट गया और 2 युवक सीधे डिवाइडर से जा भिड़े। उपचार मिलने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। मृतकों में पार्वतीनगर, ओल्ड बाबुलखेड़ा निवासी आदर्श रमेश समर्थ (24) और किरणापुर, हुड़केश्वर रोड निवासी आदित्य रमेश मेश्राम (18) का समावेश है।

दोनों भी रोजंदारी पर जो काम मिले कर लेते थे। बुधवार की रात 12 बजे के दौरान आदर्श और आदित्या 220 सीसी की मोटरसाइकिल पर घूमने निकले। भगवाननगर में रहने वाला दोस्त अर्जुन लालबहादुर विश्वकर्मा (19) भी उनके साथ था। नरेंद्रनगर पुलिया से कोकाकोला फैक्ट्री चौक की ओर जा रहे थे। आदर्श काफी तेज गति में और जिगजैग बाइक भगा रहा था।

पुलिया क्रास करते समय आदर्श का नियंत्रण छूट गया। बाइक डिवाइडर पर टकराई और दोनों काफी दूर तक घसीटते गए। डिवाइडर पर लगे बड़े गमले और सामने लगे खंभे से सिर टकराने के कारण दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए दोनों की हालत देखकर अर्जुन बुरी तरह घबरा गया। उसने किसी तरह पुलिस और परिजनों को घटना की जानकारी दी। प्रतापनगर थाने के पीएसआई भोले अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

तुरंत दोनों को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल ले जाया गया लेकिन डाक्टर ने जांच करते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आदर्श के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दोनों की मृत्यु से उनके परिजन गहरे सदमे में है. बताया जा रहा है कि इस दुर्घटना के समय दोनों ही चालकों ने हेलमेट नहीं पहने थे अन्य था उनकी जान बच सकती थी।

## चोरी की बाइक पर घूमता मिला युवक

> चोरी के चार वाहन भी बरामद

**नागपुर।** क्राइम ब्रांच यूनिट एक की टीम शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर चोरी के चार दोपहिया वाहन भी मिले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सौरभ कुमार भवेश झा (33) एमआईजी, त्रिमूर्ति नगर, प्लॉट नंबर 06 निवासी की पल्सर गाड़ी (क्र.एमएच 31/ एफ वाय 2894) को उनके घर के आगे से अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। इसकी शिकायत उन्होंने प्रताप नगर पुलिस से की थी। जांच के दौरान ही क्राइम ब्रांच यूनिट 1 की टीम को सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुए, जिनके आधार पर पुलिस ने आयुष राजेश गंभीर (19) शताब्दी चौक अजनी निवासी चोरी की गाड़ी पर घूमते हुए मिला। जब उसके पास की गाड़ी के कागजात के बारे में पूछताछ की उसने अपने साथी आदित्य उर्फ एडी रहांगडाले के साथ मिलकर इस गाड़ी को चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद बारीकी से जांच शुरू की। जांच के दौरान ही उसने जरिपटका और अंबाझरी थाना अंतर्गत और भी दुपहिया वाहन चोरी करने की कबूली दी, जिन्हें भी पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बरामद किया है। अब पुलिस उसके दूसरे साथी की भी तलाश कर रही है। इस कार्रवाई के दौरान करीब 2,70,000 कीमत के 4 दुपहिया वाहन पुलिस ने बरामद किए हैं. आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए प्रताप नगर पुलिस के हवाले किया गया है.

# जलगांव के व्यक्ति ने लॉज में की खुदकुशी

> जहर पीने के बाद लगाई फांसी

**नागपुर।**



गणेशपेठ थाना क्षेत्र में स्थित एक लॉज में रुके जलगांव के व्यक्ति ने अपने कमरे में आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि पहले उसने जहर का सेवन किया और बाद में फांसी लगा ली। मृतक कुणाल अशोक नारखेड़े (43) बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 3 दिन पहले कुणाल अपने भाई के साथ नागपुर आया था।

दोनों ने ताजुद्दीन बाबा की दरगाह के दर्शन किए। दर्शन होने के बाद भाई तो जलगांव रवाना हो गया। लेकिन कुणाल नागपुर में ही रुक गया। उसने गणेशपेठ बस स्टैंड के समीप स्थित गणेश लॉज में कमरा किराये पर लिया।उसने लॉज के स्टाफ को गुरुवार को कमरा खाली करने की बात कही थी. दोपहर तक वह कमरे से बाहर ही नहीं आया तो स्टाफ ने दरवाजे पर दस्तक दी। कमरे के अंदर से प्रतिसाद नहीं मिलने पर एक कर्मचारी ने खिड़की से भीतर झांककर देखा. कुणाल फंदे पर लटका दिखाई दिया। घटना की जानकारी गणेशपेठ पुलिस को दी गई। खबर मिलते ही इंस्पेक्टर मछिंद्र पंडित अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दरवाजा तोड़कर पुलिस भीतर गई। कमरे के टेबल पर शराब की बोतल और जहर की पुड़िया रखी थी. कुणाल ने अपने चमड़े के बैग से पट्टा काटकर सीलिंग फैन से फांसी लगाई थी। अनुमान है कि उसने पहले शराब में जहर मिलाकर पिया। तकलीफ बढ़ने लगी और आनन-फानन में उसने बैग के पट्टे से फांसी लगा ली। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। उसके परिजन नागपुर के लिए रवाना हो गए हैं. कमरे में पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. परिजन भी कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं, इसीलिए आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया है. पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

# हत्यारे को हुई आजीवन कारावास की सजा

**नागपुर।**



जिला व सत्र न्यायालय के न्यायाधीश आर. आर. भोसले की कोर्ट नेवाड़ी थाना क्षेत्र में मामूली बात को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या करने वाले आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

दोषी करार दिया गया आरोपी कोहले लेआउट, खडगांव रोड निवासी सचिन नाना बोरकुटे (30) बताया जा रहा है। वह हमाली का काम करता है। उसपर दत्तवाड़ी निवासी गजानन विठ्ठल गोंडाने (36) की हत्या का आरोप था।

गजानन की सास और सचिन एक ही मकान में किराए से रहते थे। दोनों का शौचालय कॉमन था. 31 अक्टूबर को गजानन की पत्नी अलका अपनी मां के घर गई थी. तब सचिन और उसके साथी घर में शराब पी रहे थे. उन्होंने शौचालय का उपयोग तो किया लेकिन पानी नहीं डाला. इसपर अलका ने सचिन को फटकार लगाई। काफी देर तक उनकी बहस हुई. रात 9 बजे के दौरान गजानन घर लौटे तो अलका ने सचिन से विवाद होने की जानकारी दी। गजानन उससे जवाब तलब करने के लिए कमरे में गए।

सचिन ने बाहर चलकर बात करने को कहा। दोनों कमरे से बाहर निकल ही रहे थे सचिन ने पीछे से चाकू से हमला कर गजानन को जख्मी कर दिया. गजानन को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया और पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। 7 नवंबर 2021 को गजानन की उपचार के दौरान मौत हो गई और पुलिस ने हत्या की धारा लगाई. कोर्ट में इस मामले में तत्कालीन इंस्पेक्टर भरत कर्हाड़े ने प्रकरण की जांच कर आरोपपत्र दायर किया। सरकारी वकील दीपिका गवली आरोप सिध्द करने में कामयाब हुई। न्यायालय ने सचिन को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 50,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई. बतौर पैरवी अधिकारी हेड कांस्टेबल अनिल पोतराजे ने अभियोजनपक्ष को सहयोग किया।

## ऊंटखाना में हुई सेंधमारी मामले का पर्दाफाश

**नागपुर।** इमामवाडा पुलिस ने ऊंटखाना स्थित एनआईटी गार्डन के पास हुई चोरी मामले का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है. जिसमें नाबालिग भी शामिल है। पकड़ा गया आरोपी नयन नवनाथ चवरे (24) रामबाग इमामवाड़ा निवासी बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 नवंबर से 3 दिसंबर के दौरान ऊंटखाना, दहीपुरा एनआईटी गार्डन के पास प्लॉट नंबर 18 में रहने वाले सिद्धार्थ शंकर डोंगरे (66) परिवार सहित घर को ताला लगाकर रायपुर में अपने बेटे से मिलने गए हुए थे। इसी बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर से सेंध मारी कर एक आईफोन ,हीरे जड़ित पेंडल और लैपटॉप सहित 1,90000 रुपये का माल चुरा लिया था। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस की थी।

# प्रतिबंधित सुगंधित तंबाकू बिक्री करते दो गिरफ्तार

**नागपुर।**

कलमना पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान मिली गोपनीय जानकारी के आधार पर दो अलग-अलग जगह पर छापा मार करवाई कर प्रतिबंधित सुगंधित पान मसाला व तंबाकू बरामद किया है। इस दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 23509 रूपयों के माल को भी बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में योगेश मन्नूलाल शाहू (35) विजयनगर, कलमना निवासी और हितेंद्र उर्फ गोलू छन्नूलाल सिन्हा (32) प्लाट नंबर 118, भरतवाड़ा रोड, कलमना का समावेश है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 11 के दौरान कलमना पुलिस की टीम थाना परिसर में गस्त कर रही थी, इस दौरान उन्हें ऑरेंज सिटी बार के पास स्थित लकी पानठेला चालक योगेश शाहू द्वारा प्रतिबंधित सुगंधित तंबाखू व मसाला बेचे जाने की जानकारी मिली।

इसी सूचना पर पुलिस ने उसके पानठेले पर छापा मार कारवाई कर 4749 रूपये का माल बरामद किया। जिसमें राजश्री, पान पराग, विमल इत्यादि शामिल है।



इसी तरह दूसरी कार्रवाई भारतवाड़ा रोड परिसर में अंजाम दी गई। इस कार्रवाई के दौरान हितेंद्र उर्फ गोलू छन्नू लाल सिंग नामक आरोपी को प्रतिबंधित सुगंधित पान मसाले व तंबाकू के साथ पकड़ा गया, जिसकी कीमत 18,760 रुपए बताई जा रही है।

दोनों कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 23509 रूपये का माल बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ कलमना पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच की जा रही है।

## चोरों ने घर से उड़ाया 3.86 लाख का माल

**नागपुर।**

पारडी पुलिस थाना अंतर्गत गंगाबाग, तथागत चौक के पास रहने वाले एक परिवार के बंद घर में सेंधमारी कर चोरों ने नगदी व सोने के आभूषणों सहित 3 लाख 86000 रुपयों के माल पर हाथ साफ किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी प्लाट नंबर 118,तथागत चौक, गंगा बाग, पारडी निवासी सुमन सुरेश भोसले (72) बताई जा रही है। 3 दिसंबर की रात करीब 8 सुमन अपने परिवार सहित घर को ताला लगाकर ओम नगर में हल्दी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गई थी। इसी बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और लोहे के अलमारी से नगदी 3 लाख और सोने के आभूषण सहित 3 लाख 86000 के माल को चुरा लिया।

## चोरी केस में पकड़ी गई संपन्न परिवार की महिला

> तनिष्क के शोरूम की थी चोरी

**नागपुर।**

सदर पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास स्थित तनिष्क के शोरूम में हुई चोरी मामले में शामिल महिला चोर को गिरफ्तार किया है। इस महिला का पति व्यापारी और बेटा आईटी कंपनी में इंजीनियर है।लेकिन महिला को चोरी की आदत लग गई। उसने ज्वेलरी स्टोर में जाकर सोने की चूड़ियां चोरी कर ली। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया।

जांच में पता चला कि चोरी के मामले में वह पहले भी पकड़ी जा चुकी है. महिला आरोपी वर्धमाननगर निवासी हीना दीपक भागचंदानी (45) बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार 26 नवंबर की शाम हीना खरीदारी करने के बहाने रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित तनिष्क स्टोर में गई। वहां गहने देखने के बाद कुछ पसंद नहीं आया कहकर चली गई। रात में स्टॉक की जांच करने पर 2.82 लाख रुपये की 2 सोने की चूड़ियां चोरी होने का पता चला।

सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर महिला चोरी करती दिखाई दी। सदर पुलिस ने स्टोर मैनेजर रीना टिंटो की शिकायत पर मामला दर्ज किया।फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। स्टोर से लेकर सेंट्रल एवेन्यू रोड तक 50 स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फिर वर्धमाननगर परिसर में जांच पड़ताल शुरु की गई और हीना की पहचान हुई। पुलिस ने हीना को पूछताछ के लिए थाने बुलाया।

# श्री राम-जानकी विवाह उत्सव आरंभ

> आज श्री राम-जानकी की मागरमाटी, हल्दी, मेहंदी

**नागपुर।**

सिया रघुवीर सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में शक्तिधाम राम मंदिर, नयापुरा में श्री राम -जानकी विवाह उत्सव का आरंभ सांस्कृतिक दिव्यांग नृत्य प्रतियोगिता के साथ आरंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पंकज कोठारी, गोपाल अग्रवाल, रामदेव अग्रवाल, प्रमोद जाधव, पांडुरंग सोनवणे, आभा पांडे, कार्तिक शेंडे, नरेश जाखोटिया उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अतिथि अविनाश आवडे, रमेश पसारी, जयपाल धींगरा ने भारत माता का पूजन किया। इस अवसर पर सर संघचालक मोहनजी भागवत का शुभेच्छा संदेश सभी को सुनाया गया। भागवताचार्य नंदकिशोर पांडे का आशीर्वचन हुआ।

फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के नृत्य के पश्चात कलात्मक भरतनाट्यम, कथक आदि नृत्य की प्रस्तुति दी। आकर्षक नृत्य को देखकर सभी अतिथियों ने बच्चों की प्रशंसा की। वेशभूषा, मुद्राएं सभी का निरीक्षण कर निरीक्षक विशाखा तिवारी व अंजली लोखंडे ने प्रथम व द्वितीय पुरस्कार घोषित किये।

सफ़लतार्थ अमित सिन्हा, विजय पांडे धर्मेंद्र साहू, आदेश केसरवानी, विनोद केसरवानी, अतुल खोब्रागडे, हितेश तिवारी, सोनू दुबे, जिग्नेश दुबे, बबन राव औरंगपुरे, कपिल जैन, दीपक ताजने, महेंद्र सदावर्ते, युवा कार्यकारिणी के अभिषेक दीक्षित, आतिश तिवारी, वेद मिश्रा, राज मिश्रा, नागेश्वर कुमार, रंजन गुप्ता, मयंक पधे, हर्ष साहू, ओम ठेंगड़ी,मातृ शक्ति व सती दादी चैरिटबल ट्रस्ट आदि प्रयासरत हैं।



### कल शाम को 6 बजे से भव्य महाप्रसाद

आज शाम 6 बजे से श्री राम -जानकी की मागरमाटी, हल्दी, मेहंदी, भव्य श्रृंगार व भजन संध्या होगी। विवाहोत्सव के मुख्य दिवस 7 दिसंबर को सुबह 8 से 10 बजे तक महादेव अभिषेक होगा। पश्चात श्री रामजी की बारात प्रस्थान दोपहर 12 बजे होगी। श्रीराम जानकी का मंगल विवाह दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक होगा। मंगल गीत प्रस्तुति वेद मिश्रा एंड ग्रुप करेंगे। शाम को 6 बजे से भव्य महाप्रसाद का आयोजन होगा। विवाहोत्सव में अयोध्या पक्ष के यजमान विक्रांत पलांदुरकर, अनुश्री पलांदुरकर परिवार हैं। वहीं जनकपुरी पक्ष के यजमान जगदीश नरड, कविता नरड परिवार हैं।

## नशेड़ी चालक ने सिक्योरिटी गार्ड को कुचला

**नागपुर।**

नशेड़ी गाड़ी चालक ने लापरवाही से अपनी गाड़ी चलाते हुए पिलर के सौंदर्यकरण के काम के दौरान सिक्योरिटी गार्ड का कर रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना के बाद आरोपी चालक मौके से अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अनिकेत कविराज हुमने (27) धमदीप नगर यशोधरा नगर निवासी को एम.जी.पेंटिंग आर्ट कंपनी से नये उड़ान पुल के पिलर के सौंदर्यकरण का काम मिला है। बुधवार शाम करीब 6:45 बजे के दौरान उनके यहां काम करने वाले कर्मचारी एचबी टाउन से चिखली चौक के बीच पिलर क्रमांक 07 में काम कर रहे थे। सड़क पर यातायात सुचारू रूप से देखने के लिए सिक्योरिटी गार्ड बाबूलाल हृदयराम बनपेला 70) डिप्टी सिग्नल, कलमना निवासी यह हाथ में बैटन लाइट लेकर वाहनों को इशारा कर रहे थे। इस बीच स्वराज माजदा गाड़ी (क्र.एम एच/31 / ए.पी.4903 ) के चालक दीपक रमेश राज (38) वार्ड नंबर 03 शिवनगर निवासी ने शराब के नशे में लापरवाही से अपनी गाड़ी चलाते हुए सिक्योरिटी गार्ड बाबूलाल के हाथ से बैटन लाइट छीन ली और सुरक्षा रक्षक को सामने से टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके साथ ही आरोपी ने घटना स्थल पर खड़ी बूम लिफ्टर गाड़ी को भी टक्कर मारी और मौके से भाग गया।

इस घटना के बाद गंभीर रूप से घायल सिक्योरिटी गार्ड बाबूलाल को इलाज के लिए लोगों ने मेओ अस्पताल में दाखिल करवाया जहां जांच के दौरान ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया।

# हटाया जा रहा स्वच्छ बाजारों में होने वाला अतिक्रमण

**नागपुर।**



नागपुर महानगर पालिका शहर के बाजारों की स्वच्छता, सुव्यवस्था और अनुशासन के लिए 'स्वच्छ बाजार' प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। इस प्रतियोगिता में सभी दस जोन के अलग-अलग बाजारों ने हिस्सा लिया है। इन बाजारों में अतिक्रमण की जल्द से जल्द हटाने के सख्त निर्देश मनपा आयुक्त डॉ.अभिजीत चौधरी ने दिये थे। उनके निर्देशानुसार अपर आयुक्त अजय चारठाणकर के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग द्वारा रोजाना कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

नागपुर महानगर पालिका द्वारा 'स्वच्छ बाजार' प्रतियोगिता की घोषणा के बाद शहर के विभिन्न बड़े और महत्वपूर्ण बाजारों को इस प्रतियोगिता के लिए चुना गया था। इसमें खामला बाजार, गोकुलपेठ बाजार, सीताबर्डी बाजार, नेताजी मार्केट व्यापारी संघ, महात्मा फुले पुष्प उत्पादक असोसिएशन, नॅशनल गांधी मार्केट सक्करदरा, कॉटन मार्केट (महात्मा फुले मार्केट असोसिएशन), शाहु समाज मार्केट सक्करदरा, महल मार्केट (नागपूर फेरीवाला फुटपाथ दुकानदार संघ), मछली मार्केट, होलसेल क्लॉथ मार्केट, संत्रा मार्केट, पॉप्युलर होलसेल क्लॉथ मार्केट गांधीबाग, नागपूर हॅन्डलूम क्लॉथ मार्केट गांधीबाग, टिंबर मर्चंट असोसिएशन नागपूर, गांधीखेत महल व्यापारी सेवा मंडळ, इतवारी मार्केट (नागपूर जनरल मर्चंट असोसिएशन), कृषी उत्पन्न बाजार समिती कळमना नागपूर, कमल मार्केट, जरीपटका मार्केट (जरीपटका दुकानदार संघ), मंगळवारी बाजार (बेकायदेशीर मार्केट), गड्डीगोदाम दुकानदार संघ आदि ने भाग लिया। मनपा आयुक्त ने प्रशासक को निर्देशित किया कि स्वच्छ बाजार प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बाजार अतिक्रमण मुक्त हों तथा बाजार में सौहार्द बना रहे, इसके लिए कार्रवाई करें। अभिजीत चौधरी ने प्रशासन को दी थी। उनके निर्देशानुसार सभी दस जोन स्तर पर अतिक्रमण दल एवं उपद्रव निरोधक दल द्वारा संयुक्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

इस कार्रवाई के जरिए प्रतिस्पर्धी बाजारों में अतिक्रमण खत्म करने की कार्रवाई तेज हो गई है. अतिक्रमण टीम द्वारा उन व्यापारियों पर कार्रवाई की जा रही है जो बाजार क्षेत्र में कुछ स्थानों पर व्यापार नहीं करते हैं, सड़क पर दुकान लगाते हैं, यातायात में बाधा उत्पन्न करते हैं। अपर आयुक्त के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग प्रमुख हरीश राउत के नेतृत्व में सभी दस जोन में अतिक्रमण दस्ता और उपद्रव निरोधक दस्ता द्वारा संयुक्त कार्रवाई की जा रही है।

## सुरक्षा के अभाव में श्रमिक की मौत

**नागपुर।**

सोनेगांव के पैराडाइज सोसायटी स्थित प्लाट नंबर 65 पर निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की गंभीर दुर्घटना में मौत हो गई। घटना 10 नवंबर 2024 की दोपहर करीब 3:30 बजे हुई, जब श्री जगदंबा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा वेद एनक्लेव अपार्टमेंट के बांध का काम चल रहा था।

अक्षय सुनील वाहने (31), पांढराबोडी निवासी, पांचवीं मंजिल पर गैलरी में लोहा बांधने का कार्य कर रहे थे, तभी उनका संतुलन बिगड़ गया और वह इमारत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। अक्षय को तत्काल इलाज के लिए एम्स अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना के बाद पुलिस ने अकस्मात मृत्यु का मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।

# फडणवीस के सीएम बनने पर नागपुर में जल्लोष

**नागपुर।**

नागपुर के बेटे और महाराष्ट्र के गौरव देवेन्द्र फडणवीस ने आज गुरुवार को मुंबई के आजाद मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। देवेन्द्र फडणवीस के शपथ लेते ही नागपुर में खुशी का माहौल है।

मुख्यमंत्री के रूप में फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह का शहर के लक्ष्मीनगर चौक पर सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर पूर्व महापौर संदीप जोशी मौजूद रहे। जन-जन के प्रिय 'देवा भाऊ' के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही लक्ष्मीनगर चौक में पटाखों की जमकर आतिशबाजी की गयी। ढोल-नगाड़ों की थाप पर मिठाई बांटकर इस शुभ घड़ी का जश्न मनाया गया।



इस समय भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी जयंत आदमने, नीरज दोंतुलवार, राजीव रोडी, निरंजन गाडगीळ, वंदना शर्मा, मनोज फणसे, हेमा आदमने, संध्या अढाळे, कीर्ति पुराणिक, उदय देशकर, राजाभाऊ ठकनाईक, राहुल खुराना, स्वप्नील वऱ्हाडपांडे, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# 15 रेलवे स्टेशनों का होगा सौंदर्यीकरण, बदलेगी तस्वीर

**नागपुर.**



मध्य रेलवे नागपुर मंडल अंतर्गत कुल 15 स्टेशनों की तस्वीर बदलेगी। छोटे-छोटे स्टेशनों का तेजी से विकास किया जा रहा है। इसमें गोधनी, धामनगांव, काटोल व पुलगांव स्टेशनों पर विकास कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। भविष्य में यह स्टेशन यात्रियों के लिए एक अच्छा विकल्प साबित हो सकते हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय सरकार का एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, सुलभ और विश्व स्तरीय केंद्रों में बदलना है। मध्य रेलवे नागपुर डिवीजन इन सुधारों को साकार करने प्रतिबद्ध है। चल रही परियोजनाएं यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने डिजाइन की गई हैं। जिससे प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक वातावरण तैयार किया जा सके।

**पुलगांव स्टेशन :** टिकटिंग और यात्री सेवाओं में सुधार करने के लिए नया बुकिंग ऑफिस संचालित किया गया है। प्लेटफार्मों पर यात्रियों को मौसम से सुरक्षा प्रदान करने निर्माण कार्य जारी है। नया और आधुनिक प्रतीक्षालय पूरी तरह से नवीनीकरण के बाद यात्रियों के लिए सुविधाजनक और आरामदायक स्थान उपलब्ध होगा। प्लेटफार्मों के बीच सुगम पैदल यात्री मूवमेंट के लिए फाउंडेशन कार्य जारी है। फुट ओवर ब्रिज की स्थिरता बढ़ाने टाई बीम की मजबूती का कार्य जारी है। स्टेशन में प्रवेश के लिए नया और आधुनिक प्रवेश द्वार पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है।

**धामनगांव स्टेशन :** स्टेशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाउंड्री वाल का निर्माण पूरा कर लिया गया है। नया बुकिंग ऑफिस पूरी तरह से कार्यात्मक हो चुका है। जिससे टिकटिंग सेवाओं में सुधार हुआ है। यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए चौड़े फुट ओवर ब्रिज की फाउंडेशन का काम प्रगति पर है। स्टेशन के प्रवेश पर सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जिससे बेहतर पहुंच और कनेक्टिविटी मिलेगी। प्रतीक्षालय का नवीनीकरण कर इसे यात्रियों के लिए और अधिक आरामदायक और सुविधाजनक बनाया गया है।

**गोधनी स्टेशन:** स्टेशन भवन के नवीनीकरण के लिए निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे कि बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकें। जल निकासी और बाढ़ की रोकथाम के लिए आरसीसी निर्माण कार्य प्रगति पर है। स्टेशन की पहुंच सड़क को सुधारने के लिए कार्य जारी है, जिससे यात्रियों के लिए बेहतर पहुंच सुनिश्चित हो।

**काटोल स्टेशन :** फुट ओवर ब्रिज के लिए फाउंडेशन कार्य पूरा हो चुका है, जिससे पैदल यात्री कनेक्टिविटी में सुधार होगा। बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने लिफ्ट निर्माण कार्य जारी है। जल निकासी के लिए शटरिंग का कार्य चल रहा है। यात्रियों और वाहनों के सुगम आवागमन के लिए सर्कुलेटिंग एरिया का कार्य जारी है। फुट ओवर ब्रिज के कॉलम निर्माण का कार्य जारी है। जिससे बेहतर यात्री मूवमेंट होगा। कोच गाइडेंस सिस्टम की स्थापना पूरी हो चुकी है। जिससे यात्री ट्रेन के स्थान और समय को आसानी से ट्रैक कर सकते हैं। पार्किंग क्षेत्र का कार्य पूरा हो चुका है, जिससे यात्रियों के वाहनों के लिए एक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध है।

## एकता फाउंडेशन के महाराष्ट्र प्रदेश प्रचारक बने शाहिर बावनकुले

**कामठी.**



एकता फाउंडेशन सामाजिक संगठन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जय संजय रामटेके ने सामाजिक कार्यकर्ता शाहिर राजेंद्र भीमराव बावनकुले को हाल ही में भारतीय संविधान को साक्षी मानकर संवैधानिक विचार, शिक्षा, रोजगार, वित्त, स्वास्थ्य, सुरक्षा प्रणाली, विधि, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार पर संवैधानिक विचार रखते हुए महाराष्ट्र प्रचारक प्रचारक और नागपुर जिला प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया. ज्ञात हो कि शाहिर राजेंद्र भीमराव बावनकुले की सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी और शाहीर कलाकारों को न्याय दिलाने के लिए विधानसभा में मोर्चा, पूर्ण भूख हड़ताल, संबंधित मंत्रियों और अधिकारियों को ज्ञापन देकर शाहीर कलाकार को न्याय दिलाने के लिए बहुत प्रयासों को मद्देनजर रखते हुए डॉ. जय संजय रामटेके ने शाहिर राजेंद्र बावनकुले को महाराष्ट्र प्रचारक और नागपुर जिला प्रभारी नियुक्त किया है.

## साईं मंदिर के स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम

**खापरखेड़ा.**




खापरखेड़ा (सं.). दहेगांव खापरखेड़ा रोड पर साईं बाबा सहकारी पतसंस्था के अध्यक्ष मोरेश्वर मांगुलकर ने पिछले 10 वर्ष पहले बड़ा श्री साईबाबा मंदिर की स्थापना की थी. प्रतिवर्ष स्थापना दिवस पर साईबाबा मार्गशीर्ष सप्ताह व हरि नाम वारकरी सप्ताह का आयोजन किया जाता है. सप्ताह 9 दिसंबर तक चलेगा जिसमें प्रतिदिन सुबह 5.30 से 7.30 बजे काकड़ा भजन व साईं आरती, 8 से 10 बजे परायण, 11 से दोपहर 2 बजे तक बाहर गांव से महिला पुरुष भजन मंडल द्वारा भजन का आयोजन, दोपहर 3 से 5 बजे परायण, 5 से 7.30 बजे तक हरिपाठ, साई आरती, शाम 7.30 से 10 बजे तक विदर्भ व मराठवाडा से आये कीर्तनकारों का कीर्तन होगा. प्रतिदिन ग्रंथराज ज्ञानेश्वरी पारायण का वाचन हरिभक्त पं. प्रमोद महाराज काले व शंकर महाराज निगम द्वारा किया जाएगा. 9 दिसंबर को सुबह शोभायात्रा निकलेगी. दोपहर को दहीहंडी पर कीर्तन व महाप्रसाद का आयोजन किया गया है.

## पेड़ों की कटाई पर अंतरिम रोक

### > दुर्गापुर कोयला खदान के विस्तार का मामला

**नागपुर.**

चंद्रपुर के पास दुर्गापुर ओपन कास्ट कोयला खदान के विस्तार के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर खंडपीठ में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता ने इस याचिका में पर्यावरण और वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए इस परियोजना को रद्द करने की मांग की है। इस मामले में हुई सुनवाई में प्रतिवादियों ने पिछले चार महीने से जवाब दाखिल न करने की बात सामने आई। इस पर कोर्ट ने प्रतिवादियों को जमकर फटकार लगाते हुए दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने के आदेश दिए। साथ ही कोर्ट ने अंतरिम आदेश भी दिया कि अगली तारीख तक पेड़ न काटें।

याचिका पर न्या. नितीन सांबरे और न्या. वृषाली जोशी के समक्ष सुनवाई हुई। नागपुर खंडपीठ में प्रकृति फाउंडेशन के अध्यक्ष दीपक दीक्षित ने यह जनहित याचिका दायर की है। याचिका के अनुसार, कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए वेकोली की दुर्गापुर खदान का 121.58 हेक्टेयर वन भूमि में विस्तार किया जाना है। इस परियोजना को मंजूरी मिल गई है।

लेकिन, यह निर्णय लेते समय पर्यावरण पर इस परियोजना के प्रभाव का गहराई से अध्ययन नहीं किया गया। खदान विस्तार के लिए उपयोग की जाने वाली वन भूमि कई जंगली जानवरों जैसे बाघ, तेंदुआ, भालू आदि का अधिवास है। वन एक ऐसा संसाधन है जो पर्यावरण को समृद्ध बनाता है।

यह क्षेत्र मुख्य क्षेत्र से 12 किमी और ताडोबा-अंधारी बाघ संरक्षण परियोजना के बफर जोन से केवल 1.25 किमी दूरी पर है। खदान के विस्तार की स्थिति में करीब 60 हजार पेड़ काटे जाएंगे।

इससे वन्यजीवों के आवास पर असर पड़ेगा। वे शहर की ओर भागेंगे और मानव-पशु संघर्ष की स्थिति बनेगी। यह इलाका पहले से ही बेहद संवेदनशील है। इसलिए याचिकाकर्ता ने दुर्गापुर ओपन कास्ट कोयला खदान के विस्तार की परियोजना रद्द करने की मांग की है। इस मामले में बुधवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने उक्त आदेश जारी किए। याचिकाकर्ता की ओर से एड. महेश धात्रक ने पैरवी की।

## रंगेहाथ पकड़ा गया सट्टेबाज, पुलिस ने की कार्रवाई



**कन्हान.** कन्हान क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता के बावजूद अवैध गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में, स्थानीय अपराध शाखा (एल.सी.बी.) ने गुप्त सूचना के आधार पर गहू हिवरा चौक के पास टाउन परिसर में छापा मारा। इस दौरान आनंद नगर निवासी आरोपी प्रफुल्ल तेनरज रामटेके को सट्टा पट्टी के आंकड़े लिखते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया।

पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली, जिसमें ₹2,030 नकद और सट्टा पट्टी से जुड़े साहित्य सहित कुल ₹2,035 का माल जब्त किया गया। इस जब्ती का सारा सामान कन्हान पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 12(अ) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक ओमप्रकाश कोकाटे के मार्गदर्शन में किया गया। टीम में सहायक पुलिस निरीक्षक किशोर शेरकी, पुलिस उपनिरीक्षक विनोद काळे, प्रमोद भोयर, किशोर वानखेड़े, पुलिस नायक संजय बरोदिया, और चपरासी आशुतोष लांजेवार शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की उम्मीद जताई जा रही है।

## आज राजनेता और सामाजिक संगठन मनाएंगे महापरिनिर्वाण दिवस

**कामठी.**



स्थानीय जय स्तंभ चौक स्थित डॉ. बाबासाहब आंबेडकर पुतला परिसर पर सामाजिक संस्थाओं और राजनेताओं द्वारा डॉ.बाबासाहब भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस आज छह दिसम्बर को मनाया जाएगा. महापरिनिर्वाण दिवस पर सुबह से शाम तक कई कार्यक्रम होंगे. समाजवादी पार्टी महिला सभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष व नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष माया चवरे, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष व बरिएमं के विदर्भ महासचिव अजय कदम, नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष व रब्बानी क्लब अध्यक्ष अहफाज अहमद ठेकेदार, जिला परिषद सदस्य मोहन माकडे, भाजपा तालुका अध्यक्ष उमेश रडके, छावनी परिषद पूर्व उपाध्यक्ष चंद्रशेखर लांजेवार, पंचायत समिति सदस्य सुमेध रंगारी, रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, येरखेड़ा ग्राम पंचायत सरपंच सरिता रंगारी, भीलगांव ग्राम पंचायत सरपंच भावना चंद्रकांत फलके, नगर परिषद पूर्व नगरसेवक नीरज लोणारे, खैरी ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच बंडू कापसे, शिवसेना (उबाठा) शहर अध्यक्ष मुकेश यादव, कांग्रेस सेवादल शहर अध्यक्ष नितेश यादव, भाजपा सोशल मीडिया विदर्भ प्रदेश अध्यक्ष पुष्पराज मेश्राम, भाजपा भीलगांव अध्यक्ष भास्कर भनारे, ई-प्लेनेट स्पीकर्स एकेडमी अध्यक्ष एवं इकोलॉजिक फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. अभिषेक चिमनकर, छावनी क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव, रिपाई (गवई) ज़िला अध्यक्ष सुधीर शंभरकर, अखिल भारतीय शाहीर कलाकार मंडल अध्यक्ष शाहीर राजू बावनकुले आदि ने कहा कि बाबा साहब डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने हमें दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संविधान दिया है. बाबा साहब ने सभी को एक समान अधिकार दिए हैं. वह महिलाओं, वंचितों, दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों के मुक्तिदाता हैं. बाबा साहब ने सर्वहित समाज के लिए संविधान में कानून बनाए हैं, इसलिए हम सबको एकजुट होकर उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए. उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने छह दिसंबर, 1956 को दिल्ली में आखिरी सांस ली थी. इसी दिन को हम महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाते हैं.

## महापरिनिर्वाण दिवस पर आज सामुदायिक बुद्ध वंदना

**सावनेर.**



हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी युवक जागृती मंडल एवं सुधाकर बागडे मित्र परिवार के संयुक्त तत्वावधान में भारतरत्न डॉ बाबासाहेब अंबेडकर इनके महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर एसटी स्टैंड समीप डॉ. बाबासाहब आंबेडकर इनके प्रतिमा के पास शुक्रवार सुबह 10 बजे डॉ बाबासाहब आंबेडकर प्रतिमा को माल्यार्पण व नमन कर सामुदायिक बुध्द वंदना का आयोजन किया गया है कार्यक्रम के अध्यक्षस्थान बतौर रूप से भाजपा नेता रामराव मोवाडे रहेंगे इस अवसर पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोहर कुंभारे, पुर्व नगराध्यक्ष एंड अरविंद लोधी,रासप नेता राजू भुजाडे युवक जागृति मंडल अध्यक्ष सुधाकर बागडे प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे उपरोक्त सामुदायिक बुध्द वंदना में बड़ी संख्या में समाजबांधव उपस्थित रहने की अपील विक्की शेंडे, स्तूप बागडे, धनंजय बागडे व उद्देश्य बागडे इन्होंने किया है.

## बड़े एलसीडी पर शपथ ग्रहण समारोह का आनंद

**सावनेर.**



"मैं देवेंद्र सरीता गंगाधरराव फडणवीस " जैसे ही ये शब्द शपथ ग्रहण समारोह में गूंजे, सावनेर के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और लड्डू बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले देवेंद्र फडणवीस के इस समारोह का सीधा प्रसारण सावनेर के गांधी पुतला चौक पर बड़ी एलसीडी स्क्रीन लगाकर दिखाया गया। इस मौके पर लाडली बहन योजना के सावनेर-कलमेश्वर तालुका अध्यक्ष मनोहर कुंभारे, वरिष्ठ भाजपा नेता रामराव मोवाडे, भाजपा सावनेर शहर अध्यक्ष राजू घुगल, पूर्व विधायक तुषार उमाटे, रविंद्र ठाकुर, आशीष मानकर समेत तहसील के हजारों महिला-पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे। ढोल-ताशों की गूंज और आतिशबाजी के साथ कार्यकर्ताओं ने समारोह का उत्साहपूर्वक आनंद लिया और मिठाइयां बांटी। शपथ ग्रहण समारोह में देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, वहीं एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस समारोह को लेकर सावनेर के भाजपा कार्यकर्ताओं में सुबह से ही उत्साह देखा गया। शाम होते-होते हजारों कार्यकर्ता तिरंगे झंडे लेकर गांधी पुतला चौक पहुंचने लगे। जैसे ही शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुआ, कार्यकर्ताओं ने ढोल-ताशों पर नाचते हुए जमकर खुशी मनाई और आतिशबाजी कर अपनी भावना व्यक्त की।

## मुख्यमंत्री बनने पर वाड़ी भाजपा ने मनाई ख़ुशी

**वाड़ी.**



गुरुवार को शाम 5 बजे वाडी में विधायक समीर मेघे के कार्यालय में पटाखे फोड़कर, मिठाइयाँ बाँटकर, गुलाल उड़ाकर तथा महिलाओं ने नृत्य करके घोषणा करके उत्सव मनाया गया। भाजपा वाडी मंडल अध्यक्ष आनंदबाबू कदम, सतीश जिंदल, नरेश चरडे, पुरुषोत्तम रागीट, मधु बर्वे,राजु भोले, दिनेश कोचे, सरीता यादव, बिमलेश सिंह, केशव बांदरे, अक्षय तिडके, कैलाश मंथापुरवार, राकेश मिश्रा, नितिन अडसड, संजय कपनीचोर,प्रकाश डवरे, गजानन रामेकर, सतीश खोब्रागडे, रमेश गोमासे, भिमराव मोटघरे, सचिन खिल्लारे, प्रदीप वंजारी, चंदु कावरे,अभय कुनावार, लक्ष्मीनारायण केसरवानी, अनील भाटिया, प्रकाश जुनघरे, शंकर कडु, कल्पना सगदेव, ईशांत राऊत, योगेश शेंडे, गोविंद रोडे, कमल कनोजे, रोहित तिवारी, पुरुषोत्तम लिचडे, ऊमेश शाहु, रामप्रसाद पटले, विशाल डोंगरे, राहुल तायडे, राजेश जिरापुरे, दत्ता बाबर, लिलाधर भोयर, सुधीर सिंह राना , प्रफुल्ल गिरी,गणेश राठोड, बंटी गोडे, रोहित अग्रवाल, बापू लिमकर, देवराव निकम, संतोष दायमा, अरूण सिंह, अमरेन्द्र सिंह, राजेश गाडगे,आनंद यादव, राजेश शेलके, मंगेश खोरगडे, विपीन वर्मा, जयदेव शेवरान, मनोज रागीट, राजेन्द्र तिवारी, विजय मेंढे,कमलाकर ईंगले, विनय कांबले, उमेश शाहु, पुरुषोत्तम लिचडे, ज्ञानेश्वर गावंडे, गणेश ईंगले, नामदेव चवरे, अजय यादव, मानसिंह ठाकुर, प्रकाश मोगरकर, रोहित बावने, शालिनी रागीट, आशा कडु,ऊर्मीला चौरसिया, सुरेखा रिंन्के, कांचन माने, ज्योती भोरकर, मंगला पडोले, मनोरमा येवले, आशा गौतम, सुधा पवार. पार्वती मौर्या, नंदा कदम, वर्षा सिंगरू, माधुरी थेटे, सुनीता चावरे, पिंकी बैस, पोर्नीमा बंडावार, दिपा डांगे, मौसमी गुप्ता, पिंकी कर्ण आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नागपुर में हेलमेट नियम के विरोध में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का आंदोलन



**नागपुर.** हेलमेट की अनिवार्यता के खिलाफ आज राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने वेराइटी चौक में आंदोलन किया। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए और हेलमेट नियम के खिलाफ अपना विरोध व्यक्त किया। आंदोलन में दुनेश्वर पेठे सहित कई अन्य प्रमुख कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

कार्यकर्ताओं ने सरकार से हेलमेट नियम में बदलाव की मांग की और कहा कि यह नियम आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। यह आंदोलन नागपुर शहर में हेलमेट नियम के खिलाफ बढ़ते असंतोष को दर्शाता है।

## राजीव वरभे को भारत विभूषण पुरस्कार से किया सम्मानित

**नागपुर.**



विदर्भ में गरीब समुदायों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता राजीव नारायण वरभे को हाल ही में जनजातीय क्षेत्रों में ग्रामीण स्वास्थ्य और शिक्षा पहल में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित भारत विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार दिल्ली विधानसभा के माननीय अध्यक्ष राम निवास गोयल द्वारा सीएम कॉन्फ्रेंस हॉल, दिल्ली विधानसभा में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। राजीव वरभे नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली और गोंदिया जिलों में अथक परिश्रम कर अनगिनत लोगों के जीवन में बदलाव ला रहे हैं। भारत विभूषण पुरस्कार के अलावा, राजीव वरभे को रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3030 द्वारा भी मान्यता दी गई है, उन्होंने रोटरी वर्ष 2023-24 में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष पुरस्कार प्राप्त किया | राजीव वरभे ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और वंचितों की सेवा जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। "मैं इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाकर बहुत आभारी हूं। यह मुझे विदर्भ के हाशिए पर रहने वाले समुदायों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा प्रदान करने के हमारे प्रयासों को और मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है, "राजीव वरभे ने कहा।

राजीव वरभे द्वारा की गई है ये प्रमुख पहलें जिला परिषद स्कूल का नवीनीकरण: आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे का उन्नयन।

नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर: ग्रामीण समुदायों की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नियमित स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करना।

नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी: दृष्टिबाधित लोगों की दृष्टि बहाल करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए 3,000 से अधिक नि:शुल्क सर्जरी आयोजित करना।

## बरिएमं मनाएगी महापरिनिर्वाण दिवस



**कामठी.** महामानव, विश्वरत्न, भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शुक्रवार 6 दिसम्बर को ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे के मार्गदर्शन में ड्रैगन पैलेस टेंपल में सुबह 10 बजे विशेष बुद्ध वंदना का आयोजन किया जाएगा. इसके अलावा सुबह 10.30 बजे डॉ. ड्रैगन पैलेस टेंपल परिसर स्थित डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक एवं अनुसंधान केंद्र में पूर्ण लंबाई वाली मूर्ति पर माल्यार्पण कर अभिनंदन किया जाएगा.

सुबह 11 बजे डॉ. जयस्तंभ चौक स्थित डॉ.बाबासाहब आंबेडकर के पुतले पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे. उपरोक्त कार्यक्रमों में बरिएमं के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, धम्मसेवक-धम्मसेवकों को उपस्थित रहने की अपील बरिएमं विदर्भ महासचिव व नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम, शहर अध्यक्ष दीपांकर गणवीर एवं प्रसिद्धि प्रमुख सुशील तायड़े द्वारा की गई है.

## कीर्तन महोत्सव में सावरकर के हिंदुत्व विचारों पर चर्चा

**नागपुर.**



धर्म पर हो रहे हमलों का प्रतिकार करने का माध्यम कीर्तन है, यह विचार विजयकाका पोफली ने कीर्तन महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किया। यह महोत्सव रामनगर स्थित पुण्यश्लोक अहल्यादेवी होळकर कीर्तन परिसर में आयोजित किया गया। संवेदना परिवार संस्था और पश्चिम नागपुर नागरिक संघ के संयुक्त आयोजन में आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन आज सायं हुआ। उद्घाटन समारोह में विजयकाका पोफळी के अलावा स्वातंत्र्यवीर सावरकर के पोते सात्यकी सावरकर, योगगुरू रामभाऊ खांडवे, सारंग गडकरी, शैलेश पांडे, विवेक हुसुकले, जगदीश मिहानी, परिणिती फुके, ॲड. आनंद परचुरे और अन्य प्रमुख व्यक्तियां उपस्थित थीं। विजयकाका पोफळी ने अपने संबोधन में कहा कि, “कीर्तन प्राचीन काल में समाज सुधार का महत्वपूर्ण औजार था। वर्तमान में धर्म पर हमले हो रहे हैं, और इन हमलों का प्रतिकार करने के लिए कीर्तन एक प्रभावी माध्यम बन गया है।” सात्यकी सावरकर ने कहा कि सावरकर का हिंदुत्व विचार आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। यह विचार हिंदू समाज के एकत्व और उनके अधिकारों के संरक्षण का संदेश देता है। सावरकर के विचारों में जातिभेद का उन्मूलन और समानता की स्थापना का पक्ष है, जो आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में आरती की सारी राशी वनवासी कल्याण आश्रम को दी गई, जिसे नीता किटकरू ने स्वीकार किया। महोत्सव के आयोजन में कुणाल नरसापूरकर, सागर कोतवालीवाले, निशांत अग्निहोत्री, राजीव काळेले और अन्य कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा। राष्ट्रीय कीर्तनकार चारुदत्त आफळे ने ‘बंगाल के क्रांतिकारियों की गाथा’ पर एक विशेष कीर्तन प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बंगाल का योगदान अतुलनीय है और यह भूमि अनेक क्रांतिकारियों की जन्मभूमि रही है।

# ग्रामीण अस्पताल में रात को अचानक पहुंचे जिप सीईओ

## > असुविधाओं पर व्यक्त की नाराजगी

**गोंदिया.**

गोंदिया जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगनांथम 3 दिसंबर को रात तकरीबन 8.30 बजे अर्जुनी मोरगांव के ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने व्यवस्था का जायजा लिया एवं ग्रामीण अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक सूचनाएं दी। जिप सीईओ ने अस्पताल में मौजूद असुविधाओं पर नाराजगी भी व्यक्त की।अर्जुनी मोरगांव स्थित ग्रामीण अस्पताल में तहसील के अनेकों मरीजों का उपचार होता है। यहां सभी तरह का इलाज निःशुल्क होने से बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। अस्पताल से अधिकांश मरीजों को गोंदिया, भंडारा, ब्रम्हपुरी के अस्पताल में रेफर किया जाता है। ऐसे में 3 दिसंबर की रात के समय गोंदिया जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगानंथम ने अचानक भेंट देकर अस्पताल में भर्ती मरीजों से पूछताछ की। साथ ही संपूर्ण अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर असुविधाओं पर नाराजी व्यक्त की एवं मरीजों को परेशानियां न हो, इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की सूचना संबंधित चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारियों को दी। इस दौरान ग्रामीण अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डा. गाईण, डा. कापगते एवं अन्य कर्मचारियों ने जिप सीईओ को अस्पताल की संपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर जिप के गुट नेता तथा जिप सदस्य लायकराम भेंडारकर, पंस सदस्य संदीप कापगते भी उपस्थित थे।



### उप जिला अस्पताल कब होगा शुरू?

अर्जुनी मोरगांव के ग्रामीण अस्पताल को उपजिला चिकित्सा का दर्जा मिले, इसके लिए पूर्व विधायक मनोहर चंद्रीकापुरे ने मुद्दा उठाया था। जिसे सफलता भी मिल गई। अब इसे शुरू करने की जिम्मेदारी नवनिर्वाचित विधायक राजकुमार बडोले पर आ गई है। जिससे गरीब मरीजों को उप जिला अस्पताल से उच्च दर्जे की स्वास्थ्य सेवा मिले, इसके लिए विधायक बडोले को तत्काल उपाय योजना कर उप जिला अस्पताल तत्काल शुरु कराने की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

# आमने-सामने टकराई दुपहिया, 3 युवक गंभीर घायल

## > देवरी के आईटीआई समीप हुई घटना

**गोंदिया.**

देवरी से 1 किमी की दूरी पर स्थित देवरी-आमगांव मुख्यालय सड़क पर शासकीय आयटीआय के पास दो दुपहिया वाहनों के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस घटना में 3 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना 3 दिसंबर को शाम 6 बजे के आसपास घटित हुई। घायलों में अमरावती निवासी सलमान एजाज खान (27), गोंदिया निवासी श्याम आनंद कुरसुंगे (26) एवं गोंदिया के जांभोरा निवासी सौरभ राजेंद्र येलके (25) बताया गया है।घटना के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार एजाज खान चटाई का व्यवसाय कर दुपहिया वाहन क्रमांक एम.एच.20/डी.एन.9615 से देवरी की ओर आ रहा था। वहीं



सौरभ येलके एवं श्याम कुरसुंगे यह अपनी दुपहिया वाहन क्रमांक एमएच.35/ए.पी. 4497 से देवरी से आमगांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शासकीय आयटीआय के सामने दोनों के वाहन आपस में टकरा गए। इस घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए गोंदिया स्थित शासकीय अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच देवरी पुलिस कर रही है।

# विश्व हिंदू परिषद के जिला धर्म प्रचार प्रमुख पद पर अजय भोंग



**वर्धा.**

वर्धा में आयोजित बैठक में वर्धा विहिप जिला मंत्री अनिल कावले द्वारा विश्व हिंदू परिषद जिला धर्म प्रचार प्रमुख पद पर अजय भोंग की नियुक्ति की गयी. इस समय विदर्भ प्रांत विहिप स्वावलंबी भारत प्रमुख अटल पांडे, विहिप वर्धा जिला सहमंत्री शरद कोनप्रतिवार सह मंत्री अरविंद कोकाटे, बजरंग दल जिला संयोजक महेश राऊत, मातृशक्ति जिला संयोजक विद्या पेंडके, विहिप एड. राखी वैरागड़े, राम पोतदार, रवि खंडाळकर, शुभम जयसवाल, क्षीरसागर उपस्थित थी. अजय भोंग की नियुक्ति को लेकर विहिप जिलाध्यक्ष सुभाष राठी, उपाध्यक्ष संजय बड़गेलवार, उपाध्यक्ष संजय जलताड़े, उपाध्यक्ष देवानंद धुर्वे, उपाध्यक्ष वंदना चाफले, सह धर्म प्रसार प्रमुख बंडू दांडेकर, हिंगनघाट विहिप अध्यक्ष सुरेंद्र आगरे, विहिप मंत्री सचिन धारकर, सहमंत्री विकी तकतानी, बजरंग दल संयोजक दीपक शर्मा, देवा वाघमारे , रोशन चंदनखेड़े, प्रशांत तिवारी ने बधाई दी.

# निराश्रित एवं विधवा दिव्यांग महिलाओं को सिलाई मशीनों का निःशुल्क वितरण

## > श्री गुरुदेव सेवाश्रम झाड़गांव चिंचोली की पहल

**वर्धा.**



झाडगांव में पत्रकार संरक्षण समिति एवं श्री. गुरुदेव सेवाश्रम के तत्वाधान में गरीब निराश्रित विधवाओं, विकलांगों एवं जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनों का वितरण झाडगांव चिंचोली में श्री.खंजरी वादक सत्यपाल महाराज के हाथो किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन मंगरूल थानेदार गौतम इंगले ने किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता और मुख्य अतिथि कैलासराव विंचुरकर ने की. मंच पर मुख्य अतिथि प्रसाद कावले, मनीष गुडदे, राजेंद्र तांबेकर, प्रफुल्ल देशमुख, शशांक चतारे जिला अध्यक्ष पत्रकार संरक्षण समिति वर्धा, अनिल गावंडे, पुलगांव टाइम्स के संपादक अनुप भार्गव, द स्टिंग ऑपरेशन न्यूज़ चैनल के जिला संवाददाता संतोष देशमुख, कार्यक्रम के मुख्य आयोजक बाबाराव इंगोले जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमरावती एवं ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे. धन्यवाद ज्ञापन अनिल गावंडे वर्धा ने किया.

# क्रूरता की हदें पार, कुत्तों के पैर और मुंह बांधकर बोरियों में भरा

## > वायरल वीडियो के कारण सामान्य नागरिकों में रोष

**गोंदिया.**

शहर में सोशल मीडिया पर एक वीडिओ वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग लावारिस कुत्तों को अत्यंत निर्दयतापूर्वक पकड़कर उनके दोनों पैरों को बांधकर बोरियों में भरकर उन्हें बांधते दिखाई दे रहे हैं। वीडिओ के अनुसार यह मामला शहर के आशीर्वाद कालोनी का बताया गया है। लेकिन इन कुत्तों को पकड़ते समय जिस तरह का क्रूरतापूर्वक व्यवहार किया जा रहा है, इससे सामान्य नागरिकों में रोष व्याप्त है।

बता दें कि 4 दिसंबर को सोशल मीडिया में लावारिस कुत्तों को पकड़ने का वीडिओ वायरल हुआ। जिसमें पहले जाल बिछाकर उन्हें पकड़ा गया और बाद में एक स्थान पर ले जाकर उनके पैरों और मुंह को बांधकर उन्हें बोरियों में भरा गया। इससे आगे उन्हें कहा ले जाया गया, इसके बारे में वीडिओ में कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा है। यह वीडिओ लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है।

इस वीडिओ में कुत्तों को पकड़नेवालों एवं नागरिकों में विवाद होता भी दिखाई पड़ रहा है। गौरतलब है कि शहर में लावारिस कुत्तों के आतंक से आम नागरिक परेशान है और इस संबंध में नगर परिषद से भी अनेक बार कार्रवाई करने की मांग की गई है। वीडिओ वायरल होने के बाद इसकी वास्तविकता की जानकारी के लिए नगर परिषद के मुख्याधिकारी संदीप चिद्रवार से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा फिलहाल इस तरह का कोई अभियान शहर में नहीं चलाया जा रहा है।

यदि कोई लावारिस कुत्तों के साथ भी क्रूरतापूर्ण व्यवहार कर उन्हें पकड़ रहे हैं तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद ने फिलहाल किसी को भी कुत्तों को पकड़ने के लिए अधिकृत नहीं किया है। लेकिन भविष्य में इस तरह का अभियान चलाया जाएगा। लेकिन अभियान के दौरान नियमों का पालन भी हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

# झालिया से कृमिनाशक गोलियों का वितरण शुरू

## > चार तहसीलों के 1 से 19 वर्ष आयु समूह के बच्चों को दी जाएगी गोलियां

**गोंदिया.**

जिले की आमगांव, सालेकसा, देवरी एवं सड़क अर्जुनी तहसील के 1 से 19 वर्ष आयु समूह के बच्चों को कृमिनाशक गोलियों का वितरण किया जाना है। इसके लिए प्रशासन की ओर से 4 दिसंबर 2024 से अभियान शुरु किया गया है। अभियान की शुरुआत सालेकसा तहसील के झालिया स्थित प्राथमिक आदर्श पाठशाला से हुई है। जिप एवं स्वास्थ्य समिति सदस्य छाया नागपुरे एवं जिला संक्रामक रोग अधिकारी डा. निरंजन अग्रवाल के हाथों शाला के बच्चों को कृमिनाशक गोलियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मिलिंद नंदागवली, स्वास्थ्य सहायक रविंद्र श्रीवास, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा सेविका, आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थे।dअभियान के उद्घाटन समारोह में नागपुरे ने कहा कि इस समय भारत में 1 से 19 वर्ष के 68 प्रतिशत बच्चों में कृमि रोग है और



6 से 59 माह के प्रत्येक 10 बच्चों में एनीमिया पाया जाता है। इसी तरह 15 से 19 वर्ष की 56 प्रतिशत किशोरियों और 30 प्रतिशत किशोर में एनीमिया की शिकायत है। कृमि एनीमिया और कुपोषण का कारण होते हैं और इससे बच्चों का बौद्धिक और शारीरिक विकास रुक जाता है। कृमि संक्रमण वाले बच्चे हमेशा कमजोर और थके हुए रहते हैं और कृमि बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। साथ ही बच्चों में एनीमिया, पेट दर्द, उल्टी, दस्त और मतली, भूख न लगना, कुपोषण, थकान और बेचैनी, शौच के दौरान रक्तस्राव, पेट में सूजन जैसे विभिन्न लक्षण पाए जाते हैं। कृमि को फैलने से रोकने के लिए खाने से पहले हाथ धोएं, खाने से पहले सब्जियों और फलों को अच्छी तरह धोएं, साफ और उबला हुआ पानी पिएं, पैरों में जूते/चप्पल पहनें, नाखून नियमित रूप से काटें और उन्हें साफ रखें, शौचालय का उपयोग करें, खुले में शौच न करें, शौचालय क्षेत्र साफ-सुथरा रखे।

# मार्ग के निर्माण के लिए आम नागरिक सड़क पर

## > आंदोलन की दी चेतावनी, जिप

**-गोंदिया.**

अर्जुनी मोरगांव तहसील में महागांव, नीलज, मोरगांव से अर्जुनी मोरगांव मार्ग तहसील के 15 से 20 गांवों को एक दूसरे से जोड़नेवाला मार्ग है। लेकिन इस मार्ग की अवस्था इस समय अत्यंत दयनीय हो गई है। सड़क से गुजरना अर्थात किसी कसरत से कम नहीं है। इस मार्ग की मरम्मत कर इसे नए सिरे से बनाए जाने की मांग को लेकर अब क्षेत्र की जनता सड़क पर उतर गई है। तहसील अन्याय निवारण समिति के कार्यकर्ता रेशिम कापगते ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रशासन को आंदोलन एवं अनशन की चेतावनी दी है।

इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के साथ पत्र व्यवहार भी किया है। कापगते ने गोंदिया जिला परिषद के लोकनिर्माण सभापति संजय टेंभरे को मोबाइल पर इसकी जानकारी दी। जिसके बाद 4 दिसंबर को सुबह जिप सभापति संजय टेंभरे ने प्रत्यक्ष स्पॉट पर आकर सड़क का निरीक्षण किया एवं सड़क की स्थिति दयनीय होने की बात कबूली। इसके बाद उन्होंने तत्काल इस मार्ग के गड्ढे भरने के आदेश जिला परिषद के अभियंता निमजे को दिए तथा अगले दो-तीन माह में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से इस मार्ग का नए सिरे से निर्माणकार्य कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद आमरण अनशन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महागांव, नीलज, मालकनपुर, अर्जुनी मोरगांव मार्ग अत्यंत खराब हो गया है।

इस मार्ग से निजी वाहनों के साथ ही एसटी की बसें भी दिन रात दौड़तीं है। जिससे मार्ग की हालत दयनीय हो गई है। यह मार्ग जिला परिषद के लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत आता है। लगभग 5 वर्ष पूर्व इस मार्ग का कार्य मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से ही किया गया था। लेकिन अब जर्जर हो चुके इस मार्ग पर सफर करना अर्थात जान हथेली पर रखकर यात्रा करने जैसा हो गया है। इस मार्ग के लिए अन्याय निवारण समिति के रेशिम कापगते अपने कार्यकर्ताओं



के साथ सड़क पर उतर गए। जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए जिप सभापति संजय टेंभरे ने स्वयं विभाग के अधिकारियों के साथ यहां पहुंचकर सड़क का जायजा लिया तथा तत्काल मरम्मत कराए जाने के आदेश दिए। उसी प्रकार इस सड़क के मजबूतीकरण के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लगभग 2 करोड़ रुपए का प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजने की जानकारी दी और कहा कि इसके लिए वे अपने स्तर पर हरसंभव प्रयास करेंगे। जिसके बाद आक्रोशित नागरिकों ने अपना आंदोलन और अनशन पीछे ले लिया।

इस अवसर पर रेशिम कापगते के अलावा जिप सदस्य कविता कापगते, जयश्री देशमुख, अविनाश कापगते, अभियंता निमजे, ललित डोंगरवार, मधुकर राऊत, विश्वनाथ राऊत और परिसर के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 10 वर्षों से सड़क निर्माण का इंतजार कर रहे लोग

## > तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर की सड़क निर्माण की मांग

**गोंदिया.**

आमगांव खुर्द (सालेकसा) में स्थित वार्ड क्रमांक 5 में वन विभाग कार्यालय से रेलवे स्टेशन तक जानेवाला मार्ग पिछले 10 वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और अनेक जगहों पर गिट्टियां उखड़कर सड़क पर फैल गई है। जिसके कारण स्थानीय वार्ड के नागरिकों को विशेष रूप से महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर में नगर पंचायत के निर्माण के बाद से अब तक करोड़ों रुपयों के निर्माण कार्य किए गए हैं, लेकिन इस मार्ग की मरम्मत अथवा नवनिर्माण की ओर हमेशा दुर्लक्ष किया गया है। रेलवे स्टेशन की ओर जानेवाला यह मुख्य मार्ग है। लेकिन इसके खस्ताहाल होने के कारण नागरिकों को लंबी दूरी तय कर दूसरे मार्गों से आना जाना करना पड़ रहा है। सड़क पर दिन रात उड़नेवाली धूल के कारण आम नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरा भी निर्माण हो गया है। जिसे



देखते हुए 4 दिसंबर को वार्ड के सभी नागरिकों ने सड़क पर एकत्रित होकर नगर पंचायत सालेकसा के प्रशासक तथा तहसीलदार नरसय्या कोंडागुर्ले को सड़क पर ही बुलाकर ज्ञापन सौंपा और उनसे इस मार्ग का निर्माणकार्य तत्काल कराए जाने की मांग की है। इस अवसर पर पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य ब्रजभूषण बैस, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष कापसे, सुनील असाटी, लोकचंद टेंभरे, कौतिकाबाई भीमटे, महेश खोकले, रवि बावनथड़े, सन्नी नशिने, दर्शन जैन, सुरेश भीमटे, यशवंत बैस और गोलू गजबे आदि उपस्थित थे।

# मौका पाकर बीयर बार और मकान में चोरी

**गोंदिया.**

जिले के अलग-अलग क्षेत्र में दो चोरी की घटना सामने आई। जिसमें बीयर बार और सुने मकान को निशाना बनाया गया। इसमें पहली घटना गोरेगांव की बताई गई है। जिसमें फरियादी पवन ईशुलाल सोनवाने (38) की बीयर बार एवं चाय दुकान से नागपुर के रामटेक नगर निवासी आरोपी संतोष सुरेश राजपुत (39) ने शटर का ताला तोड़कर कुल 13 हजार 120 रुपए का माल चोरी कर लिया। जिसमें नगद राशि का भी समावेश है। यह घटना 3 दिसंबर को सुबह सामने आई। इतना ही नहीं तो आरोपी ने पल्लवी मेडिकल में लगा ताला तोड़ने का प्रयास किया। फरियादी की रिपोर्ट पर गोरेगांव पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305, 331 (4) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक फौजदार कोसमे कर रहे है।दूसरी घटना आमगांव थाना अंतर्गत शाहू महाराज नगर की बताई गई है। इस घटना में फरियादी शीतल संजय ढगे (43) के सूने मकान से किसी अज्ञात आरोपी ने सुना मौका पाकर 800 रूपए का माल चोरी कर लिया। यह घटना 3 दिसंबर को सुबह घटी। फरियादी की रिपोर्ट पर आमगांव पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 331 (3), 305 (ए) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार गजपुरे कर रहे है।

# शिवणी पारधी बेड़े पर पुलिस की वॉश आउट मुहिम

## > 2.75 लाख रुपयों का माल नष्ट

**समुद्रपुर.**



समुद्रपुर पुलिस ने शिवणी पारधी बेडे पर वॉश आउट मुहिम चलाकर लगभग 2 लाख 75 हजार रुपये कीमत का माल नष्ट किया। गुरुवार सुबह 8 बजे थानेदार संतोष शेगावकर को गुप्त सूचना मिली। उनके निर्देश पर पुलिस ने शिवणी पारधी बेडे पर वॉश आउट मुहिम चलाई। इस दौरान झाड़ियों और जमीन में छुपाकर रखा गया महुआ शराब सड़वा बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत करीब 2.75 लाख रुपये आंकी गई। यह माल घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई को थानेदार संतोष शेगावकर के मार्गदर्शन में पुलिस और गृह रक्षक दल के जवानों ने अंजाम दिया। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# एक ही रात में तीन घरों में सेंधमारी

**हिंगनघाट.**





## > 38,300 रुपये का माल बरामद

हिंगनघाट पुलिस थाना क्षेत्र में एक ही रात में तीन घरों में सेंधमारी करने वाले विधि संघर्षित बालकों और गहने बेचने वाले आरोपी से 38,300 रुपये मूल्य का मुद्देमाल बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 5 नवंबर 2024 की रात से 6 नवंबर 2024 की सुबह के बीच अज्ञात चोरों ने हिंगणघाट क्षेत्र के तीन अलग-अलग घरों का ताला तोड़कर रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान चुरा लिया। इन तीनों घटनाओं की शिकायत हिंगनघाट पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई थी। स्थानीय अपराध शाखा वर्धा ने इन चोरी की घटनाओं की जांच शुरू की और 2 दिसंबर 2024 को दो विधि संघर्षित बालकों को उनके परिजनों की उपस्थिति में हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने नागपुर निवासी आरोपी छोटू डेहरिया (शांति नगर, नागपुर) के साथ मिलकर हिंगणघाट में तीन घरों में सेंधमारी की। चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण नागपुर निवासी पंकज बंडोजी सत्रमवार को बेचे गए। पुलिस ने पंकज सत्रमवार को औरंगाबाद जिले के पैठण से गिरफ्तार किया और उसके पास से 27,000 रुपये मूल्य के सोने के मणि और नाक की नथ बरामद की। वहीं, विधि संघर्षित बालकों के पास से 11,300 रुपये का रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। कुल मिलाकर 38,300 रुपये का मुद्देमाल पुलिस ने बरामद किया। पुलिस को पता चला है कि इस सेंधमारी के कुछ अन्य सामान फरार आरोपी छोटू डेहरिया के पास है। स्थानीय अपराध शाखा वर्धा की टीम उसकी तलाश कर रही है। बरामद आरोपियों को हिंगनघाट पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है और मामले की आगे की जांच हिंगनघाट पुलिस द्वारा की जा रही है।

### पुलिस की कार्रवाई

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी (स्थानिक अपराध शाखा, वर्धा) और उनकी टीम द्वारा की गई। टीम में सहायक पुलिस निरीक्षक सलाम कुरैशी, पुलिस अमलदार हमीद शेख, शेखर डोंगरे, सचिन इंगोले, प्रमोद पिसे, राजेश तिवसकर, आशीष महेश गौरी, रामकिशन इप्पर, विकास मुंडे, अरविंद इंगोले, शुभम राऊत, सुगम चौधरी, मुकेश ढोके, रितेश गेटमे, दिनेश बोथकर और अंकित जिभे (साइबर सेल) शामिल थे।

# सेंधमारी करने वाले आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**वर्धा.**

शहर के कटाने ले-आउट निवासी श्रीमती रोशनी मनमित हरकुट ने रामनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि 26 अक्टूबर 2024 को जब उनका परिवार गांव गया हुआ था, तो 27 अक्टूबर को अज्ञात चोरों ने उनके घर और शयन कक्ष का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने के गहने और नकदी चुरा ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को गश्त के दौरान सूचना मिली कि तीन संदिग्ध व्यक्ति एक मोटरसाइकिल और एक मोपेड पर आई नगर लेआउट, सिंदी (मेघे), वर्धा में घूम रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शेख मोबिन शेख इस्वाईल (26), आकाश उर्फ रैपर राजू वाइवे (21), और रोहित उर्फ लकी अनिल औरासे (21) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से ₹2,400 नकद, दो सोने के कान के टॉप्स, दो सोने के पेंडेंट, चार



चांदी के सिक्के, एक प्लास्टिक का पेचकस, तीन एंड्रॉइड मोबाइल, एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, एक सुजुकी मोपेड, और अन्य सामान बरामद किया गया। बरामद सामान की कुल कीमत ₹3,55,500 आंकी गई। गहन पूछताछ में आरोपियों ने वर्धा शहर और हिंगनघाट क्षेत्र में बंद मकानों में सेंधमारी कर चोरी करने की चार वारदातें स्वीकार कीं। आरोपियों के खिलाफ रामनगर थाने में अपराध क्रमांक 859/2024 के तहत भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### पुलिस टीम की सफलता

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े के मार्गदर्शन में, पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी और स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने की। टीम में उपनिरीक्षक बालाजी लालपालवाले, राहुल इंटेकार, और अन्य पुलिसकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की शहर में सराहना की जा रही है।

# हिंगनघाट में अतुल वांदिले की आभार बैठक संपन्न

**हिंगनघाट.**




4 दिसंबर, बुधवार को साईं मंदिर हॉल, नंदोरी रोड, हिंगणघाट यहां अतुल वांदिले की आभार बैठक संपन्न हुई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हिंगणघाट विधानसभा मतदार संघ से जनता ने अतुल वांदिले को मतरुपी आशीर्वाद दिया। इस पर उन्होंने संपूर्ण जनता का मनसे आभार माना। इसी के साथ जो सदस्य और पदाधिकारी तथा कार्यकर्ते इन्होंने चुनाव के लिए अहोरात्र परिश्रम लिए, रात का दिन किया। उनका तथा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्षपणे कार्य करने वाले हिंगणघाट विधानसभा के कार्यरत सभी का उन्होंने आभार माना। 'हिंगणघाट मतदार संघ के सर्वांगीण विकास के साथ जनता की सेवा के लिए मै हमेशा तत्पर रहने की ग्वाही उन्होने इस वक्त दी। प्रसंग पर हिंगणघाट विधानसभा के महाविकास आघाडी के सभी प्रमुख नेते, प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ते बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# दिल्ली में हुआ ट्रिपल मर्डर

**नई दिल्ली.**

नई दिल्ली के नेब सराय इलाके में हुए ट्रिपल मर्डर की पूरी कहानी सामने आ गई है. बेटे ने अपने मां-पिता और बहन की हत्या कब, कैसे और क्यों की थी, पुलिस पूछताछ में सब बातें क्लियर हो गई है. उसने पहले ग्राउंड फ्लोर पर अपनी बहन का गला रेता था और फिर सीढ़ियां चढ़कर ऊपर गया, वहां पिता और मां की हत्या कर दी. उसके बाद उसने खून से सने कपड़े और चाकू को जिम वाले बैग में ले जाकर ठिकाने लगाया. जब वो वापस आया तो जहां-जहां खून के धब्बे लग गए थे, उन जगहों को साफ किया. एक अधिकारी ने बताया कि नेब सराय इलाके में माता-पिता और बहन की हत्या करने के आरोप में गुरुवार को 20 साल के युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने उसके खून से सने कपड़े और



अपराध में इस्तेमाल किए गए चाकू को नजदीकी जंगल से बरामद कर लिया है. आरोपी के माता-पिता की शादी की 27वीं सालगिरह थी. मृतकों की पहचान राजेश कुमार (51), कोमल (46) और कविता (23) के रूप में हुई थी. राजेश कुमार सेना से रिटायर थे और फिलहाल सिक्योरिटी ऑफिसर के रूप में काम कर रहे थे. उनकी पत्नी हाउस वाइफ थी और बेटी पढ़ाई कर रही थी.

आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसके माता-पिता के साथ अच्छे रिलेशन नहीं थे. वो इस बात से नाराज था कि वे उससे ज्यादा उसकी बहन को पसंद करते थे. उसने कहा कि पिता पढ़ाई के लिए डांटते रहे थे, लेकिन उसका मन पढ़ाई में नहीं लगता था.

कुछ दिनों पहले ही उन्होंने घर के बाहर कई लोगों के सामने उसे डांटा और पीटा था. इस वजह से वो बहुत अपमानित महसूस कर रहा था. इतना ही नहीं वो घर में भी अलग-थलग महसूस करता था.

उसने ये भी कहा कि घर में मम्मी और बहन भी उसे सपोर्ट नहीं करती थीं. इसी दौरान उसे पता चला कि पिता पूरी प्रॉपर्टी उसकी बहन के नाम कर रहे हैं तो वो नाराज हो गया और उसने उन्हें मारने का फैसला कर लिया.

**पहले बहन, फिर पिता और मां को मारा**

पूछताछ के दौरान अर्जुन तंवर ने पुलिस को बताया कि उसने सबसे पहले अपनी बहन की सोते समय गला काटकर हत्या कर दी. फिर वो ऊपर गया जहां उसने अपने पिता की गर्दन पर चाकू मारा. उसके बाद उसने वॉशरूम गई अपनी मां का गला काट दिया

## मोहम्मद आतिफ महाराष्ट्र अंडर-17 राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में चयनित

**अकोला.** बैदपुरा निवासी मोहम्मद आरिफ (कांच फिटिंग करने वाले) के बेटे मोहम्मद आतिफ ने एक बार फिर अपनी मेहनत और प्रतिभा से नाम रोशन किया है। मोहम्मद आतिफ का चयन महाराष्ट्र की अंडर-17 राष्ट्रीय फुटबॉल टीम 2024 के लिए हुआ है। इस सफलता की खबर मिलते ही बैदपुरा इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय बैद बिरादरी ने मोहम्मद आतिफ के इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके पिता मोहम्मद आरिफ और बड़े पिता मोहम्मद अनीस का विशेष सत्कार किया। इसके अलावा अकोला के नवनिर्वाचित विधायक साजिद खान पठान ने भी मोहम्मद आतिफ की इस सफलता पर उन्हें और उनके परिवार को सम्मानित किया। मोहम्मद आतिफ की इस उपलब्धि को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत माना जा रहा है।

# 31 मार्च तक कराया जा सकेगा फसल बीमा

**> चने और रबी के धान के लिए समयसीमा तय**

**गोंदिया.**

राज्य सरकार ने जून 2023 में सर्वसमावेशक फसल बीमा योजना लागू करने का निर्णय लिया था। खरीफ मौसम की तरह ही ग्रीष्मकालीन रबी मौसम मंभ भी इच्छुक किसान केवल 1 रुपए भरकर फसल बीमा योजना में सम्मिलित हो सकते हैं। प्राकृतिक आपदा, कीटों एवं बीमारियों से फसल को होने वाले नुकसान पर किसानों को बीमा संरक्षण प्राप्त होगा। कर्जदार तथा गैर कर्जदार किसान अपनी इच्छा से इस योजना में सहभागी हो सकेंगे। गोंदिया जिले में चने की फसल और ग्रीष्मकालीन धान की फसल के लिए बीमा कराया जा सकता है। फसल के लिए 70 प्रतिशत जोखिम स्तर निश्चित किया गया है। फसल बीमा योजना में शामिल होने के लिए संबंधित किसानों को आवेदन करना आवश्यक है। शासन के ऑनलाइन संकेत स्थल पर स्वयं अथवा बैंक, बीमा कंपनी प्रतिनिधि एवं सामूहिक सेवा केंद्र के माध्यम से भी आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। चने की फसल के




लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर 2024 तथा ग्रीष्मकालीन धान की फसल के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 रखी गई है।

गोंदिया जिले में रबी मौसम में चने की फसल के लिए अधिसूचित मंडल, तिरोड़ा तहसील में तिरोड़ा, ठाणेगांव, परसवाड़ा, वड़ेगांव एवं मुंडीकोटा, अर्जुनी मोरगांव तहसील में अर्जुनी मोरगांव, बोंडगांवदेवी, केशोरी/कन्हेरी, महागांव, नवेगांवबांध तथा गोठनगांव, सड़क अर्जुनी तहसील में सड़क अर्जुनी, सौंदड़, डव्वा, शेंडा, कोसमतोंडी तथा देवरी तहसील में देवरी, मुल्ला, सिंदीबिरी, चिचगढ़ एवं ककोड़ी राजस्व मंडलों का समावेश किया गया है। लेकिन ग्रीष्मकालीन धान की फसल के लिए सभी तहसीलों में फसल बीमा लागू रहेगा। जिले के किसानों से 15 दिसंबर 2024 से पहले चने एवं 31 मार्च 2025 से पहले ग्रीष्मकालीन धान की फसल के लिए आवेदन कर फसल बीमा योजना का लाभ उठाने का आव्हान जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी निलेश कानावड़े ने किया है।

# कुलदीप सिंह सेंगर को मिली जमानत

**उन्नाव रेप केस में सजा काट रहा है**

**नई दिल्ली.**




उन्नाव रेप केस में जेल की सजा काट रहे पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दो हफ्ते की अंतरिम जमानत मिल गई है. दिल्ली हाई कोर्ट ने मेडिकल ग्राउंड पर कुलदीप सेंगर को जमानत दी है. कोर्ट ने सेंगर को एम्स में भर्ती होने और मेडिकल बोर्ड द्वारा चिकित्सकीय जांच कराने का निर्देश दिया है.

इस दौरान दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा कुलदीप सिंह सेंगर को यह भी निर्देश दिया गया है कि वह पीड़िता या उसके परिवार से संपर्क करने का कोई प्रयास न करें और जांच अधिकारी के प्रतिदिन संपर्क में रहें. दरअसल, पूर्व में रेप पीड़िता के परिजनों ने सेंगर पर धमकाने और हमला कराने के आरोप लगाए थे. जिसके चलते कोर्ट ने रेप मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व विधायक को जमानत से पहले सख्त हिदायत दी है. इससे पहले 2023 में सेंगर को जमानत मिली थी. तब सेंगर ने बेटी की शादी का हवाला दिया था.

फिलहाल, कुलदीप सेंगर को इलाज के लिए अंतरिम जमानत मिली है. एम्स में भर्ती होने के बाद मेडिकल बोर्ड द्वारा उनकी चिकित्सकीय जांच होगी. जिसके बाद एम्स इस पर रिपोर्ट सबमिट देगा. गौरतलब है कि नाबालिग लड़की का अपहरण कर रेप का मामला साल 2017 का है, जिसमें निचली अदालत ने कुलदीप सिंह सेंगर को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थी. निचली अदालत ने पीड़िता के पिता की पुलिस हिरासत में मौत के मामले में भी सेंगर को दोषी करार देते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी. कोर्ट ने सेंगर पर 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था.

उस वक्त कुलदीप सेंगर भाजपा से विधायक थे, 2019 में पार्टी ने उन्हें निष्कासित किया था और बाद में उनकी विधायकी भी चली गई थी. साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा रेप पीड़िता और उनके परिवार के सदस्यों को CRPF की सुरक्षा मुहैया कराई गई थी.

## डॉ. बाबासाहब के महापरिनिर्वाण पर आज अभिवादन कार्यक्रम

**गोंदिया.**



स्थानीय छोटा गोंदिया में स्थित भीमघाट परिसर में भारतरत्न डा. बाबासाहब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से अभिवादन कार्यक्रम आयोजित किया गया है. भीमघाट स्मारक समिति के मातहत विगत अनेक वर्षो से सतत यह कार्यक्रम संयोजित किया जा रहा है. इस वर्ष लुम्बिनी म्युझिकल ग्रुप द्वारा स्वरांजली प्रस्तुत की जाएंगी. उल्लेखनीय है कि शहर के पश्चिम छोर वाले बौद्ध बांधव पहले तहसील कार्यालय परिसर में स्थित डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर अभिवादन करते है.

इसके बाद वे अलग-अलग जत्थों में भीमघाट की ओर निकलते है. इस परिसर में विभिन्न संगठनों व संस्थाओं की ओर से खानपान के अलग-अलग स्टॉल लगाए जाते है. भीमघाट स्मारक समिति गोंदिया के प्रमुख श्याम चौरे, घनश्याम पानतवने, अमित रंगारी, किशोर मेश्राम, प्रदीप ठवरे, अजय चौरे, धनंजय वैद्य, गौतम रंगारी, रवि भालाधरे, सतिसेवक, अनुनाथ भीमटे, संदीप राऊत, वेदांत गजभिये, शैलेश टेंभुर्णीकर, बसंत गणवीर, सुनील मेश्राम, शुभम नागरीकर, गौरव कोल्हाटकर, रवि कोटांगले ने नागरिकों से बड़ी संख्यसा में शामिल होकर डॉ. बाबासाहब आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है.

# यूपी में चलती ट्रेन में हुआ मर्डर

**लखनऊ.**

उत्तर प्रदेश के अमेठी में बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन में बैठने को लेकर यात्रियों के बीच हुए विवाद में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई. जब युवक के दो भाई उसे बचाने निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर पहुंचे तो हमलावरों ने उन्हें भी लहूलुहान कर दिया. वारदात को चलती ट्रेन में अंजाम दिया गया. इस बाबत अस्पताल में भर्ती मृतक तौहीद के भाई ने पूरी कहानी बयां की है. घायल भाई ने कहा कि तौहीद अंबाला से आ रहा था. लखनऊ पहुंचने पर उसका कुछ लोगों से ट्रेन में बैठने को लेकर झगड़ा हो गया था. उन लोगों से उसे घेर लिया था. इसपर तौहीद ने फोन पर उसे निहालगढ़ स्टेशन लेने आने के लिए कहा था. जब जनरल बोगी में घुसकर देखा तो तौहीद को चाकू लगा था. उसके खून निकल रहा था. पूछताछ करने पर अज्ञात हमलावर उनपर भी टूट पड़े और लोहे की रॉड से पीटकर घायल कर दिया.

पूरा मामला जम्मूतवी से वाराणसी



आ रही बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन का है. इसी ट्रेन में घर लौट रहे सुल्तानपुर जिले के गौतमपुर गांव के रहने वाले दीपक, मिथुन, पवन, सुजीत नाम के युवक अंबाला स्टेशन से जनरल बोगी में बैठे हुए थे. ट्रेन जब लखनऊ पहुंची तो इसी बोगी में अमेठी जिले के रानीपुर गांव का रहने वाला तौहीद भी चढ़ गया.

इसी दौरान सीट पर बैठने को लेकर तौहीद और पहले से बैठे दीपक, मिथुन, पवन और सुजीत में विवाद हो गया. देखते ही देखते मामला इस कदर बिगड़ गया कि दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई. लिहाजा तौहीद ने अपने घर अमेठी के जगदीशपुर में फोन कर भाइयों को निहालगढ़ स्टेशन पर बुला लिया. जैसे ही ट्रेन निहालगढ़ स्टेशन पर रुकी वैसे ही तौहीद के भाई और परिजन ट्रेन की बोगी में चढ़ गए. जिसके बाद दोबारा दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया और चाकूबाजी शुरु हो गई. इस दरम्यान तौहीद और उसके दो भाई भी घायल हो गए. प्लेटफॉर्म पर बवाल देख लोगों द्वारा आनन फानन पुलिस को सूचना दी गई. उधर, घटना की सूचना तत्काल जगदीशपुर आरपीएफ ने सुल्तानपुर आरपीएफ और जीआरपी पुलिस को दी. बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन के सुल्तानपुर पहुंचते ही आरपीएफ ने ट्रेन की बोगी को घेर लिया और चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया. फिलहाल, इन सबके खिलाफ जीआरपी और आरपीएफ पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गई है.

मृतक के दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हैं. एक अमेठी के जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में भर्ती है, जबकि दूसरे को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है. एसपी ने अस्पताल जाकर घायल का हाल जाना है और घटना की जानकारी ली है. मामले में जीआरपी पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया की अंबाला से 6 लोग बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन की जनरल कोच में बैठकर आ रहे थे. लखनऊ रेलवे स्टेशन से अमेठी के जगदीशपुर निवासी तौहीद भी ट्रेन में चढ़ गए, जहां सीट पर बैठने को लेकर दोनों पक्षो में विवाद हो गया. मारपीट में दो लोग गंभीर घायल हुए, जिन्हें निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर उतारा गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया. इलाज के दौरान तौहीद की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत नाजुक देखकर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया हैं. घटना को लेकर दूसरे पक्ष के चार लोगों को सुल्तानपुर में जीआरपी पुलिस ने हिरासत में लिया है. जांच पड़ताल जारी है. एसपी रेलवे के अनुसार, मृतक के घर वालों की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है.

# बीजापुर में नक्सलियों ने दो पूर्व सरपंचों को उतारा मौत के घाट

**रायपुर.**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने अलग-अलग घटनाओं में दो पूर्व ग्राम पंचायत प्रमुखों की हत्या कर दी है. इस बात की जानकारी पुलिस ने गुरुवार को एक न्यूज एजेंसी को दी. नक्सलियों ने अपने पर्चे में दावा किया है कि पूर्व सरपंच सुकलू परसा बीजेपी कार्यकर्ता थे. जबकि दूसरे मृतक का नाम सुखराम अवलम है. नक्सलियों ने पर्चे के जरिए अवलम पर पुलिस कैंप स्थापित करने का आरोप लगाया.

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया कि परसा की हत्या बुधवार को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में की गई, जबकि अवलम की हत्या उसी दिन नैमेड़ क्षेत्र में की गई. पुलिस के अनुसार इन घटनाओं के साथ नक्सलियों ने इस साल अब तक राज्य के बस्तर संभाग में बीजापुर सहित सात जिलों में कम से कम 55 लोगों की हत्या की है.

गौरतलब है कि जनवरी 2022 से अप्रैल 2023 के बीच संभाग में अलग-अलग घटनाओं में नौ बीजेपी नेताओं की हत्या की जा चुका है. अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने सोमवार को बिरिया भूमि गांव से परसा का अपहरण किया और बुधवार को उसकी हत्या कर दी.

बुधवार रात नक्सलियों द्वारा गांव के पास शव फेंकने के बाद



पुलिस सतर्क हो गई. अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर मिले पर्चे में माओवादियों की भैरमगढ़ क्षेत्र समिति ने परसा की हत्या की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि वह सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय था. उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने क्षेत्र के बीजेपी कार्यकर्ताओं को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और उनसे पार्टी छोड़ने को कहा है.

अधिकारी ने बताया कि सुखराम अवलम का शव बुधवार रात नैमेड़ थाना क्षेत्र के कादर और कैका गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर मिला था. गुरुवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि नक्सलियों ने अवलम का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी है, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों की एक टीम इलाके में पहुंची. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बीजापुर शहर में रहने वाला अवलम खेती से संबंधित काम के लिए अपने गांव कादर गया था.

अधिकारी ने बताया कि बुधवार शाम को जब वह किसी निजी काम से कादर से कैका जा रहा था, तो दो अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया और जंगल में ले गए. अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर एक पर्चा मिला है, जिसमें नक्सलियों की गंगालूर क्षेत्र समिति ने अवलम पर शिविर लगाने में पुलिस का सहयोग करने का आरोप लगाया है. पुलिस ने बताया कि हमलावरों का पता लगाने के लिए दोनों इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है.

## गोंदिया में 10 को मोटर साइकिल रैली

**गोंदिया.**

बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर के प्रमुख स्वामी चिन्मय कृष्णदास महाराज की गिरफ्तारी एवं वहां रह रहे हिंदुओं पर लगातार बढ़ रहे हमलों के मद्देनजर गोंदिया में स्थित अखंड आश्रम में 4 दिसंबर को सकल हिंदु समाज की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की कड़ी निंदा करते हुए भारत सरकार से इस विषय को लेकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। इस्कॉन मंदिर के प्रमुख स्वामी चिन्मय कृष्णदास महाराज की गिरफ्तारी के खिलाफ 10 दिसंबर को गोंदिया शहर में सुबह 11 बजे एक मोटर साइकिल रैली निकाले जाने का निर्णय लिया गया। यह रैली नेहरू चौक से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, गांधी चौक, चांदनी चौक, दुर्गा चौक, गोरेलाल चौक, गांधी प्रतिमा चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचेगी। जहां अपनी मांगों से संबंधित निवेदन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। यह रैली हिंदू समाज की एकजुटता और अपने धर्म बंधुओं के प्रति संवेदनशीलता को प्रदर्शित करेगी। आयोजकों ने सभी नागरिकों से इस रैली में बड़ी संख्या में शामिल होकर सफल बनाने का आव्हान किया है।

# बिना वजह चेन पुलिंग करना अब और भी ज्यादा पड़ेगा भारी

**भोपाल.**



बिना किसी वैध कारण के ट्रेन की चेन खींचना अब आपकी जेब पर भारी पड़ने वाला है. पश्चिम मध्य रेलवे ने चेन पुलिंग करने पर जुर्माने के साथ अब ट्रेन जितनी देर रुकेगी उसका खर्चा भी अवैध रूप से चेन पुलिंग करने वाले से वसूला जाएगा.

पश्चिम मध्य रेलवे में भोपाल मंडल के रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने बताया, अक्सर देखा गया है कि कुछ यात्रियों द्वारा बिना उचित कारण अलार्म चेन पुलिंग करने से न केवल गाड़ियां देरी से चलती हैं, बल्कि रेलवे को भारी नुकसान का सामना भी करना पड़ता है. इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए 06 दिसंबर 2024 से रेल सुरक्षा बल (RPF) द्वारा एक विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है. इसमें अवैध अलार्म चेन पुलिंग पर जुर्माने के साथ ट्रेन रोकने का खर्च वसूला जाएगा. अब अगर किसी यात्री ने बिना उचित कारण के अलार्म चेन खींचीं तो उसे ₹000 का जुर्माना ही नहीं बल्कि ट्रेन को रोकने (डिटेंशन) का खर्च भी चुकाना होगा. रेलवे ने यह लागत ₹,000 प्रति मिनट निर्धारित की है.

उदाहरण के तौर पर अगर ट्रेन 5 मिनट के लिए रुकी तो जुर्माना ₹,000x 5=₹0,000 और इसमें चेन पुलिंग का ₹000 जोड़ने पर कुल जुर्माना ₹1000 होगा. अगर ट्रेन 10 मिनट के लिए रुकी तो कुल जुर्माना ₹000+₹,000x10=₹1000. यह लागत और भी बढ़ सकती है, क्योंकि चेन पुलिंग से प्रभावित अन्य गाड़ियों का भी डिटेंशन चार्ज चेन पुलिंग करने वाले से वसूला जाएगा जो ₹ लाख तक पहुंच सकता है.

भोपाल मंडल के मुताबिक, केवल दो विशेष परिस्थितियों में अलार्म चेन पुलिंग मान्य मानी जाएगी. पहला, अगर यात्री की जान को खतरा हो जैसे गिरने की स्थिति में दुर्घटना टालने के लिए. दूसरा मान्य कारण होगा, 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों या 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति का छूट जाना जैसे अगर वह चढ़ नहीं पाए और ट्रेन चल पड़ी. इनके अलावा हर अन्य कारण को अवैध माना जाएगा.

## किसानों से भिड़ंत में टूटे एसएचओ के दोनों हाथ

**चंडीगढ़.** पंजाब में संगरूर से बठिंडा की ओर जा रहे किसानों और पुलिस के बीच मानसा में झड़प हो गई. ये किसान बठिंडा जिले के गांव लेले आना में गुजरात गैस पाइपलाइन का विरोध करने के लिए जा रहे थे. इन्हें मानसा पुलिस द्वारा रोकने की कोशिश की गई को बवाल मच गया.

भिड़ंत में तीन एसएचओ गंभीर जख्मी हुए हैं और एक एसएचओ की दोनों बाजू भी फ्रैक्चर हो गई है.वहीं मानसा के एसपीडी मनमोहन सिंह ने बताया कि पुलिस ने इन किसानों के बड़े काफिले को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस पर गाड़ी चढ़ा दी और लाठियां बरसाईं जिसके चलते उनके अधिकारी जख्मी हुए हैं.

सिंह ने बताया कि संगरूर की ओर से 300 के करीब किसानों का बड़ा काफिला मानसा की ओर बढ़ रहा था. यहां भीखी पुलिस द्वारा नाकाबंदी के दौरान इंस्पेक्टर गुरबीर सिंह द्वारा उन्हें रोकने की कोशिश की तो उनके ऊपर किसानों ने गाड़ी चढ़ा दी. इसके बाद मानसा में फिर से किसानों ने पुलिस पर लाठियां बरसाई. जख्मियों में पुलिस थाने के गुरबीर सिंह की दोनों बाजू फ्रैक्चर हो गई है. इसके अलाला मानसा थाना सिटी 2 के दलजीत सिंह को काफी चोट आई है और बुधलाड़ा के जसवीर सिंह भी गंभीर जख्मी हुए हैं.उनके सर पर भी गहरी चोट लगी हुई है.

उन्होंने आगे कहा कि रोके जाने पर किसानों ने पुलिस के अधिकारियों से बातचीत करने की बजाय उन पर गाड़ी चढ़ा दी. उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक किसी भी किसान को हिरासत में नहीं लिया गया और पुलिस इस मामले की पूरी जांच कर रही है. इधर, सिविल अस्पताल की एसएमओ अंजू कांसल ने बताया कि किसानों और पुलिस के बीच में हुई झड़प के दौरान पुलिसकर्मी अस्पताल में दाखिल करवाए गए थे जिसमें से एसएचओ थाना भीखी जसवीर सिंह के बाजू पर फ्रैक्चर हैं और सिटी-2 एसएचओ दलजीत सिंह के हाथ और सिर पर चोट आई है.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 479-0 | 459-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 234-9 | 345-2 |
| प्रभात | 668-0 | 125-8 |
| प्रभात नाईट | 779-3 | 569-0 |
| डायमंड | 280-0 | 170-8 |
| मेन बाजार | 345-2 | - |
| मिलन डे | 458-7 | 267-5 |
| मेन रतन | 158-4 | 150-6 |
| कल्याण | 580-3 | 156-2 |
| राजधानी डे | 479-0 | 557-7 |
| राजधानी नाईट | 116-8 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 289-9 | 290-1 |

# नवी मुंबई से पकड़े गए तीन बांग्लादेशी नागरिक

**बनवा लिया था नकली पैन, वोटर और आधार कार्ड**

**मुंबई.**

महाराष्ट्र के नवी मुंबई में अवैध रूप से देश में रह रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. खुफिया इनपुट के आधार पर इन्हें खारघर इलाके से पकड़ा गया है. पकड़े गए लोगों में एक दंपति भी शामिल है. पुलिस के मुताबिक इस मामले में एक अन्य संदिग्ध की तलाश जारी है. एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक घर में छापा मारा गया. छापेमारी के दौरान तीन व्यक्ति वहां रह रहे थे. जब उनसे उनकी नागरिकता साबित करने के लिए दस्तावेज मांगे गए, तो वो कोई



कागज नहीं दिखा पाए. इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने आरोपियों की पहचान अमिरुल डिनो घरामी, उनकी पत्नी रुखसाना और शकीला कादिर शेख (उम्र - 37) के रूप में की है. पुलिस ने बताया कि शकीला के पति कादिर शेख की तलाश जारी है.

**पकड़े गए फर्जी दस्तावेज**

जांच में खुलासा हुआ है कि कादिर और शकीला ने भारतीय नागरिक न होते हुए भी अवैध रूप से आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड बनवा लिए थे. पुलिस ने उनके खिलाफ विदेशी अधिनियम, पासपोर्ट अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और अन्य आरोपों में मामला दर्ज किया है.

पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी भारत में कब और कैसे दाखिल हुए और उनके दस्तावेजों को अवैध तरीके से बनवाने में किसने मदद की. अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से सतर्क रहने और इस तरह की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की है.

# नोएडा में अगले तीन दिन महत्वपूर्ण, धारा 163 लागू

**किसी भी प्रदर्शन पर होगी सीधी गिरफ्तारी**

**नोएडा.**

जिले में अगले तीन दिन बेहद अहम हैं. किसान आंदोलन, महापरिनिर्वाण दिवस और जुमे की नमाज को लेकर जिला पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं. साथ ही ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा व्यापक तैयारी की गई है और एडवाइजरी जारी की गई है. दरअसल, नोएडा में जिले की तीनों प्राधिकरणों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों को बुधवार देर रात पुलिस ने जीरो पॉइंट से गिरफ्तार कर धरना समाप्त करा दिया. किसानों की गिरफ्तारी के बाद उनके बीच आक्रोश देखने को मिला है.

आशंका जताई जा रही है कि किसान दोबारा दिल्ली कूच की कोशिश कर सकते हैं. पुलिस ने सभी संभावित स्थानों पर बैरिकेडिंग और




चेकिंग अभियान तेज कर दिया है. साथ ही किसान आंदोलन की आड़ में किसी भी अराजकता की संभावना को देखते हुए पुलिस पूरी तरह सतर्क है. पुलिस द्वारा साफ किया गया है कि प्रदर्शन करने पर किसानों को गिरफ्तार किया जाएगा. 6 दिसंबर को महापरिनिर्वाण दिवस यानी डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल और अन्य स्थानों पर बड़े आयोजन होंगे. इस दिन स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है. पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं. गेट नंबर 1 और गेट नंबर 2 पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा. यातायात बाधित न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष योजना बनाई है.

शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर भी पुलिस सतर्क है. जिले में सभी मस्जिदों पर नमाज के दौरान पुलिस बल तैनात रहेगा. ड्रोन और सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जाएगी. साइबर क्राइम टीम को सोशल मीडिया पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी अफवाह या गलत जानकारी से माहौल न बिगड़े.

संभल हिंसा के बाद जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर जिले में बीएनएस की धारा 163 लागू कर दी है. इसके तहत किसी भी तरह के प्रदर्शन या बड़े सार्वजनिक जमावड़े की अनुमति नहीं दी गई है. नोएडा पुलिस और प्रशासन ने अपील की है कि लोग कानून का पालन करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें.